राजधानी में बने नौसेना शौर्य संग्रहालय का विस्तार होगा। कैबिनेट में संग्रहालय के तीसरे चरण के तहत वाटर बॉडी विकसित करने के लिए करीब 6.8 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही संग्रहालय परिसर के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी एलडीए को सौंपने का भी निर्णय लिया गया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि एलडीए संबंधित 6.8 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को एक लाख रुपये की टोकन मनी पर उपलब्ध करवाएगा। परियोजना के तहत नौसेना के जहाजों की रिप्लिका, बोटिंग, लाइट ऐंड साउंड शो के साथ जलीय जीवन और समुद्री जैव विविधता से जुड़ी प्रदर्शनियां विकसित की जाएंगी। इससे नौसेना शौर्य संग्रहालय को एक ऐसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है, जहां लोग देश के समुद्री इतिहास और नौसेना की तकनीक को करीब से जानने के साथ मनोरंजन का भी आनंद ले सकेंगे।

559 नगर पालिकाओं में प्राधिकरण के मानक लागू



कैबिनेट ने प्रदेश के 559 नगर पालिकाओं में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास परिषद में लागू आदर्श जोनिंग रेगुलेशंस को लागू करने का फैसला किया है। इससे इन पालिकाओं को मानचित्र स्वीकृत करने, डिवेलपमेंट, मॉडल प्लान बनाने आदि का अधिकार मिल जाएगा।

AI मिशन शुरू होगा, 5 लाख युवाओं को प्रशिक्षण



यूपी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अग्रणी बनाने के लिए यूपी एआई मिशन शुरू किया जाएगा, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इसके तहत इंटीग्रेटेड यूपी एआई स्टैक बनेगा, जिसमें एआई-रेडी डेटा, ऑपरेटिंग फ्रेमवर्क, विभागीय एप्लिकेशन, सुरक्षित डेटा एक्सचेंज और जीपीयू आधारित कंप्यूट सुविधा होगी। मिशन में 100 एआई स्टार्टअप्स को सहायता, पांच लाख युवाओं का कौशल विकास और 50 हजार एआई प्रोफेशनल्स तैयार करने का लक्ष्य है। सभी 75 जिलों में एआई केंद्र बनेंगे। रिसर्च, इनोवेशन, हैकथॉन और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को बढ़ावा मिलेगा। सुरक्षित उपयोग हेतु ट्रस्ट फ्रेमवर्क बनेगा। प्रभावी संचालन के लिए शीर्ष निकाय और सीईओ नेतृत्व करेंगे।

31 दिसंबर तक 2025 तक के बकाये पर ब्याज, जुर्माना नहीं



कैबिनेट ने राज्य कर विभाग की ब्याज माफी योजना-2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत बिक्री कर, केंद्रीय बिक्री कर, व्यापार कर, मूल्य संवर्धित कर (वैट) समेत कई कर कानूनों के अंतर्गत तक के 31 दिसंबर 2025 तक का बकाया चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि योजना शासनादेश जारी होने की तारीख से तीन महीने तक लागू रहेगी।

सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल को बढ़ावा देंगे



कैबिनेट ने यूपी को सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए प्रोत्साहन नीति को मंजूरी दी है। प्रदेश में धान की भूसी, गेहूं का भूसा और गन्ने की बगास जैसे कृषि अवशेष बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं, जिनसे पायरोलिसिस और गैसीफिकेशन जैसी तकनीकों के माध्यम से एसएएफ का उत्पादन किया जा सकता है। 200-500 करोड़ तक पूंजी निवेश वाली इकाइयां वृहद, 500-1,500 करोड़ तक वाली मेगा और 1,500 करोड़ से अधिक निवेश वाली इकाइयां अल्ट्रा मेगा श्रेणी में होंगी। इन इकाइयों को स्टांप ड्यूटी, लैंड यूज चेंज, इलेक्ट्रिकसिटी ड्यूटी, डिवेलपमेंट फीस में छूट मिलेगी। एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, ब्याज सब्सिडी, कौशल विकास सब्सिडी, पेटेंट पंजीकरण शुल्क की प्रतिपूर्ति सहित अन्य प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे। जरूरत के अनुसार कस्टमाइज्ड पैकेज और सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना के लिए भी प्रावधान किया गया है।

ये फैसले भी हुए

- इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के अलाइनमेंट में आने वाली नॉन जमीदारी अबॉलिशन की सरकारी जमीन ट्रांसफर की जा सकेगी।
- सीएम शहरी विस्तारीकरण योजना में मीरजापुर-विन्ध्याचल और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए 115 करोड़ रुपये जारी करने को मंजूरी।
- धान व मोटे अनाज की खरीद के लिए 85 हजार गांठ बोरे खरीदे जाएंगे, 625 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- भदोही का नाम बदलकर संत रविदास नगर, भदोही किया जाएगा।
- स्थानीय निकायों एवं अन्य अनुदानित संस्थानों की 2022-23 की ऑडिट रिपोर्ट सदन में पेश होगी।
- यूपी माल एवं सेवा कर संशोधन अध्यादेश 2026 को मंजूरी।
- मैनपुरी के घिरोर से भोगांव तक 31.30 किलोमीटर मार्ग को चार लेन और 6.56 किलोमीटर लंबे घिरोर बाईपास का निर्माण होगा, 328.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- सरकार के लिए डेडिकेटेड प्रॉडक्ट बनाने वाले स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा, जेम पोर्टल पर उनके लिए अलग मॉड्यूल विकसित किया जाएगा।
- राजस्व मुकदमे रजिस्ट्रार ऑफिस से तहसीलदार ऑफिस में अब ऑनलाइन ही भेजे जाएंगे।



वृंदावन योजना के पी-4 पार्किंग में आधुनिक इंटीग्रेटेड बस टर्मिनल बनाया जाएगा।

औद्योगिक प्राधिकरण में मैप, भू अनुमोदन आसान होगा

प्रदेश में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्रों में भवन के मैप और भूखंड अनुमोदन की प्रक्रिया अब और सरल होगी। कैबिनेट ने मॉडल बिल्डिंग बाइलाज को हरी झंडी दे दी है। इससे विनिर्माण, पर्यटन, आईटी/आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा और रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। एक अन्य फैसले में औद्योगिक निवेश पॉलिसी के तहत आवंटित जमीन को ग्रुप ऑफ कंपनीज के लिए सब लीज किया जाएगा। हालांकि, इसके कम 200 करोड़ रुपये का टर्नओवर होना आवश्यक है।

65 लाख टन धान खरीद

सरकार ने इस साल धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 65 लाख टन कर दिया है। खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पिछली बार 60 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 62 लाख टन की खरीद हुई थी। सीएम के निर्देश पर वेस्ट यूपी में 12 अक्टूबर से 15 फरवरी तक और पूर्वांचल में 1 नवंबर से 28 फरवरी तक धान खरीद होगी। 8 क्रय एजेंसियां 4500 क्रय केंद्रों पर खरीद करेंगी। किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान होगा। वहीं, 31 दिसंबर तक मोटे अनाज की खरीद भी चलेगी। ज्वार के दोनों वरायटी क मूल्य पिछले साल की अपेक्षा 324 रुपये, बाजारा का 125 रुपये और मक्के का 10 रुपये कुंतल बढ़ाया गया है। मक्का 25 जिले में, बाजारा 33 जिलों और ज्वार की बुंदेलखंड सहित 13 जिलों में खरीद की जाएगी।

लखनऊ सहित 9 जगहों पर बनेंगे ऐंप्लॉयमेंट जोन, सभी जिले जुड़ेंगे



यूपी को मैनपॉवर का हब बनाने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल स्किल डिवेलपमेंट एवं ऐंप्लॉयमेंट जोन विकसित किया जाएगा। सभी 75 जिलों को इससे जोड़ते हुए 9 जोन में इको सिस्टम बनाया जाएगा। हर जोन में स्थानीय औद्योगिक गतिविधियों, बाजार की मांग और रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से विभिन्न उद्योगों, बाजार क्षेत्रों एवं विभागों की मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। योजना के प्रथम चरण में पांच प्रमुख स्थानों पर कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें पीपीपी मॉडल पर एमएएसएमई के जरिए लखनऊ, कानपुर में, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (द्वारा गोरखपुर में, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के संयुक्त सहयोग से गौतमबुद्ध नगर में और बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के जरिए झांसी में एक-एक केंद्र स्थापित किया जाएगा। हर केंद्र 10-25 एकड़ में होगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं इंजिनियरिंग की पृष्ठभूमि वाले युवाओं के लिए टेक्निकल स्किल अपग्रेडेशन की व्यवस्था होगी। हॉस्टल, सेवायोजन कार्यालय एवं प्लेसमेंट सेल परिसर में ही होगा। परियोजना के तहत आगामी तीन वर्षों में कुल 1,725 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है।

ग्रामीण जलापूर्ति में बढ़ेगी संबंधित विभागों, ग्राम पंचायतों की ज़िम्मेदारी

ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप्ड वॉटर सप्लाई पहुंचने के बाद योजना की मॉनिटरिंग कैसे होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 2024 की पुरानी नीति में बदलाव कर दिया है। नई नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप्ड वॉटर सप्लाई पहुंचने के बाद संबंधित विभागों जैसे ग्राम्य विकास, पंचायती राज और ग्राम पंचायतों के दायित्वों का निर्धारण नए ढंग से किया गया है। नई नीति के तहत पाइप्ड वॉटर सप्लाई पहुंचने के बाद रख-रखाव में सबसे अहम भूमिका ग्राम पंचायतों की होगी।

अब IAS ही बन सकेंगे DGME

अब आईएएस अफसर ही चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक (DGME) बन सकेंगे। इसके लिए शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली में संशोधन कर दिया गया। इससे पहले नियमावली के अनुसार आईएएस या वरिष्ठतम प्राचार्य में से कोई भी DGME बन सकता था। डॉक्टरों का कहना था कि वरिष्ठतम डॉक्टर को ही DGME बनाया जाना चाहिए। यह मामला हाई कोर्ट में भी विचाराधीन था। इसी महीने सुनवाई की अगली तारीख थी। इस बीच कैबिनेट में आईएएस के DGME बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया गया। इसे शनिवार को मंजूरी दे दी गई।

CEC की बर्खास्तगी की मांग को लेकर 'आप' का प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने और गिरफ्तार करने की मांग पर स्वास्थ्य भवन चौराहे पर प्रदर्शन किया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर हुए विरोध में मतदाता सूचियों में कथित धांधली, वोट चोरी और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ नारे लगे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दिल्ली विधायक और प्रदेश सह प्रभारी विशेष रवि ने आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए और संवैधानिक प्रक्रियाओं के उल्लंघन का आरोप लगाया।

कांग्रेस ने SIR में 2.96 करोड़ नाम कटने का मांगा हिसाब

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी कांग्रेस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने आरोप लगाया कि SIR के दौरान 2.96 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं किए गए। उन्होंने फॉर्म-6 से जुड़े करीब 16 लाख नए मतदाताओं का पूरा रेकॉर्ड सार्वजनिक न होने पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस ने 85,854 फॉर्म-7 के आधार, निर्देश, सुनवाई और नाम हटाने की प्रक्रिया की जानकारी मांगी तथा स्वतंत्र जांच की मांग की। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेवर एयरपोर्ट का नाम प्रधानमंत्री मोदी पर रखने के प्रस्ताव की भी आलोचना की।

आम्रपाली ग्रुप से जुड़ी दिल्ली के महारानी बाग की संपत्ति अटैच

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ईडी ने आम्रपाली ग्रुप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 54.71 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। यह संपत्ति नई दिल्ली के महारानी बाग में है और एम/एस सूरभई एडवर्टाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज है। जांच में आरोप है कि फ्लैट खरीदारों का पैसा शेल और समूह कंपनियों में भेजा गया तथा निदेशकों ने पेशेवर शुल्क के नाम पर निकासी की। इसी धन का हिस्सा अनिल कुमार शर्मा के परिवार के जरिए ऋण के रूप में सूरभई एडवर्टाइजिंग तक पहुंचा और संपत्ति संबंधी लेनदेन में इस्तेमाल हुआ। ईडी ने यूपी और दिल्ली ईओडब्ल्यू की 18 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने BJP से इस्तीफा दिया

पार्टी नेतृत्व से जताई नाराजगी, भितरघात करने वालों को बढ़ाने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में पार्टी नेतृत्व के प्रति अपनी नाराजगी भी जाहिर की है। साथ ही भितरघात करने वालों को आगे बढ़ाने का आरोप लगाकर आहत होने की बात लिखी है।

धर्मेंद्र कश्यप 2014 में आंवला से सांसद चुने गए थे। उससे पहले वह प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री और दो बार विधायक भी रह चुके हैं। आंवला क्षेत्र में ओबीसी और खासकर कश्यप समाज में उनकी मजबूत पकड़ रही है। आंवला में करीब 1.5 लाख कश्यप समाज की आबादी है। उन्होंने दो दिन पहले भी अपने सोशल मीडिया पोस्ट में 'टाटा, बाय-बाय' लिखकर सबको चौंकाया था। तभी से माना जा रहा था कि वह पार्टी को अलविदा कह सकते हैं। कश्यप ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा पोस्ट कर दिया। इसमें उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को संबोधित किया है। उन्होंने लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी में भीतरघात करने वालों, लोकसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ वोटिंग करने तथा पार्टी को कमजोर करने वाले नेताओं को प्रथम पंक्ति में स्थान मिला।

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोनः 0522-2721512

चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

ऋणी व जमानतकर्ता को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक/प्रभारित चल सम्पत्ति का **बैंक ऑफ इण्डिया** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया गया है। बन्धक सम्पत्ति की बिक्री **"जो है, जहाँ है, जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है, दायित्व रहित"** के आधार पर की जायेगी।

ईएमडी/दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि-11.11.2026, सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 12.11.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार का नाम/देय राशि/शाखा	वाहन का विवरण	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
1.	श्री उत्तम कुमार पुत्र श्री पाल ₹ 1,26,909.71 + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 30.04.2023 से शाखाः मोहान रोड	वाहन पंजीकरण सं. UP-32-PN-8439, पंजीकरण दिनांक 18.11.2021, मेक-महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड, मॉडल-सुप्रो प्रॉफिट ट्रक मिनी एल, व चेसिस सं. MA1FN2XURM6F56584, इंजन सं. XUM6F16934	₹ 1,55,000/- ₹ 15,500/-
2.	श्री हरिकेश सिंह पुत्र राम करन सिंह ₹ 2.71 लाख + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 02.10.2025 से शाखाः बरौली मलिक	वाहन पंजीकरण सं. UP41CT4021, पंजीकरण दिनांक 19.03.2025, मेक-महिंद्रा एण्ड महिंद्रा, मॉडल-ट्रियो जोर इलेक्ट्रिक, व चेसिस सं. MA1CA2ZA7SJA46059, इंजन/मोटर सं. METMEAD0ESAJ0086	₹ 1,78,000/- ₹ 17,800/-
3.	श्री आजाद खान पुत्र इम्तियाज खान ₹ 3.80 लाख + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 22.09.2022 से शाखाः दुबग्गा	वाहन पंजीकरण सं. UP32JR4699, पंजीकरण दिनांक 14.03.2018, मेक-मारुति सुजुकी इंडिया लि., मॉडल-वैगन आर वीएक्सआई, व चेसिस सं. MA3EWDE1S00D57434, इंजन सं. 10BN4961927	₹ 98,000/- ₹ 9,800/-
4.	श्री आजाज़ खान पुत्र इम्तियाज खान ₹ 1,02,247.90 + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 06.12.2025 से शाखाः बरावन कला जेहटा	वाहन पंजीकरण सं. UP32 MA 7834, पंजीकरण दिनांक 29.04.2021, मेक-सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्रा. लि., मॉडल-एक्सेस 125 डिस्क, व चेसिस सं. MB8DP12DBM8591777, इंजन सं. AF216599595	₹ 25,000/- ₹ 2,500/-
5.	श्री वीरेन्द्र बहादुर सिंह ₹ 4.68 लाख + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 30.07.2024 से शाखाः हैदरगढ़	वाहन पंजीकरण सं. UP32 MW 0767, पंजीकरण दिनांक 29.04.2022, मेक-मारुति सुजुकी स्विफ्ट, मॉडल -स्विफ्ट डिजायर वीएक्सआई, व चेसिस सं. MBHCZFB3SNC233481, इंजन सं. K12NP4085813	₹ 2,13,000/- ₹ 21,300/-
6.	श्री अजय कुमारी पुत्र कदिल प्रसाद ₹ 32,490.22 + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 29.07.2025 से शाखाः मॉल	वाहन पंजीकरण सं. UP32MP7905, पंजीकरण दिनांक 16.01.2022, मेक-टीवीएस, मॉडल -जुपिटर जेड एक्स, व चेसिस सं. MD626CG59M3F20210, इंजन सं. DG5FM3403545	₹ 29,000/- ₹ 2,900/-
7.	श्री आशीष कुमार पुत्र श्री माधव राज ₹ 41,818.00 + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 29.12.2024 से शाखाः बहरामघाट	वाहन पंजीकरण सं. UP41BD7315, पंजीकरण दिनांक 19.10.2022, मेक-हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, मॉडल -स्प्लेंडर+ (सेल्फ-डीआर-सीएसटी) एसएस, व चेसिस सं. MBLHAW114NHDA2554, इंजन सं. HA11EVNHD77073	₹ 31,000/- ₹ 3,100/-
8.	श्रीमती सपना गुप्ता, पत्नी श्री सोनू गुप्ता ₹ 0.55 लाख + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 28.11.2024 से शाखाः राजाजीपुरम	वाहन पंजीकरण सं. UP32 NH 3215, पंजीकरण दिनांक 05.01.2023, मेक-होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (प्रा.) लि., मॉडल-एक्टिवा 6जी डीलक्स, व चेसिस सं. ME4JF91ALND219874, इंजन सं. JF91ED7219954	₹ 43,000/- ₹ 4,300/-

1. बिक्री के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **https:www.bankofindia.bank.in/e-auction.htm** एवं **www.baanknet.com** ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट-**www.baanknet.com** में दिए गए लिंक को देखें। साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से ऊपर दिए गए दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सम्पत्ति की बिक्री "जहाँ है, जैसे है" व "जो है, जैसे है" के आधार पर होगी। 3. सफल बोलीकर्ता को नियमानुसार देय खर्च / शुल्क जैसे स्टैम्प शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क इत्यादि स्वयं वहन करना होगा। **4. विक्रय की जाने वाली वस्तुओं पर किसी भी प्रकार के कर तथा किसी भी प्रकार के सरकारी अथवा अन्य बकाये हेतु प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा। 5. बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने अथवा बोली को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास आरक्षित है।** 6. इच्छुक निविदाकर्ता सम्पत्ति का निरीक्षण **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया से अनुमति लेकर दिनांक 10.10.2026 से 10.11.2026** तक **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे** के मध्य कर सकते हैं। किसी भी अन्य प्रकार की जानकारी के लिये प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया अस्ति वसूली विभाग, "स्टार हॉउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से सम्पर्क करें। 7. क्रेता को वाहन बैंक के परिसर से पूरा पैसा जमा करने की तिथि से 5 दिन के अन्दर उठाना होगा, अन्यथा रूपये 500,/- प्रतिदिन की दर से किराया वसूला जायेगा। 8. परिवहन विभाग में वाहन के हस्तान्तरण,/ पंजीकरण / संबंधी तथा अन्य कार्य व उनका भुगतान क्रेता को स्वयं वहन करना होगा तथा वाहन पर अन्य भार का भुगतान व बीमा राशि भी क्रेता को ही वहन करना होगा। 9. यह प्रकाशन सम्बन्धित सम्पत्तियों के **उधारकर्ता, बंधककर्ता अथवा जमानतदार** हेतु उपरोक्त सम्पत्तियों पर बकाया देय राशि का पूरा भुगतान न होने की दशा में उल्लिखित तिथि से **30 दिनों** का नोटिस भी है।

वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

ऋणी/जमानतकर्ता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी की तारीख से पहले उपरोल्लेखित राशि के साथ ब्याज एवं सहायक खर्चों का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति/वाहन की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर ली जाएगी ब्याज एवं लागत सहित।

दिनांकः 06.10.2026/07.10.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

अफसर फील्ड में उतरें, शोभायात्रा मार्गों पर मांस-मदिरा की दुकानें नहीं खुलेंगी: योगी



वीसी के जरिए सीएम ने की त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र से लेकर छठ महापर्व तक अफसरों को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें, जनता से संवाद करें और शिकायतों का समय से निपटारा करें। साथ ही शोभायात्रा और प्रतिमा विसर्जन मार्गों पर मांस और मदिरा की दुकानें नहीं लगने दी जाएंगी।

शुक्रवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई समीक्षा बैठक में सीएम ने साफ कहा कि त्योहारों के दौरान जनता को सुरक्षा, यातायात और मूल सुविधाओं से जुड़ी किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जोन और रेंज स्तर के अधिकारी व जिलों के पुलिस कप्तान लगातार क्षेत्र में मौजूद रहें, गश्त में शामिल हों और संवेदनशील इलाकों की निगरानी करें।

शिकायतकर्ता को 24 घंटे के भीतर मिले जवाब

सीएम ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने का निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत लेकर आने वाले हर व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब मिले। दाखिल-खारिज, पैमाइश, वरासत और प्रमाणपत्र संबंधी मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। निर्विवाद राजस्व मामलों को अधिकतम 15 दिन में निपटाने और लंबित मामलों की सूची सार्वजनिक करने को भी कहा गया है।

त्योहारों की तैयारियों को लेकर सीएम ने प्रदेश के सभी प्रमुख देवी मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों, मेलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सीएम ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्रों को प्रभावी बनाएं, एंटी रोमियो स्क्वॉड की कार्रवाई तेज करें और स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं।

सीएम ने कहा कि शोभायात्रा व प्रतिमा विसर्जन मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर नाव, गोताखोर, जल पुलिस, ऐंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों की तैनाती करें। सीएम ने निर्देश दिए कि प्रमुख स्थलों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन से की जाए तथा सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

48 घंटे में दें अतिवृष्टि से हुए नुकसान की रिपोर्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद की किल्लत और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सहकारी समिति में खाद का स्टॉक खत्म नहीं होना चाहिए। साथ ही अतिवृष्टि प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने और 48 घंटे में नुकसान व राहत वितरण की रिपोर्ट देने को कहा है। जिन परिवारों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने, सड़क कटिंग की समस्याएं 31 अक्टूबर तक दूर करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के प्रभावी उपाय करने के भी निर्देश दिए।

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालयः आरके टॉवर ऑफिस कॉम्प्लेक्स, वुडरो स्कूल के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली 243006.

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि किश्त/ब्याज/मूल ऋण का भुगतान न करने के कारण, नीचे उल्लिखित खातों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत देय ब्याज एवं अन्य शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि उनके अंतिम उपलब्ध पते पर पंजीकृत डाक से मांगी थी लेकिन नोटिस या तो बिना सुपुर्दगी लौटा दी गई थी या उनकी पावती प्राप्त नहीं हुई थी और इस तरह उन्हें इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है। हम एतद्वारा निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधकदारों से इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों (साठ दिनों) के भीतर, पूर्ण भुगतान होने तक अनुबंधित दर पर और ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहते हैं। डिफॉल्ट रूप से, कानून के तहत उपलब्ध बैंक के अन्य अधिकारों का प्रयोग करने के अलावा, बैंक वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत प्रदान की गई किसी भी या सभी शक्तियों का प्रयोग करने का इरादा रखता है। सुरक्षित ऋण का भुगतान न करने की स्थिति में बैंक द्वारा लागू की जाने वाली सुरक्षित आस्तियों का विवरण भी नीचे दिया गया है।

शाखा का नाम एवं ऋणी/ गारंटर का नाम व पता,	सरफेसी एक्ट 2002 के अंतर्गत मांग नोटिस की तिथि व राशि	सम्पत्ति का विवरण
उधारकर्ताः अखिलेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश, मोहल्ला अशोक नगर देवर खेड़ा, तहसील चंदौसी जिला संभल, उत्तर प्रदेश 202412. प्रभा देवी पत्नी अखिलेश कुमार, मोहल्ला अशोक नगर देवर खेड़ा, तहसील चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश 202412. खाता संख्याः 2156619002509 शाखाः चंदौसी (डीपी कोड 2156)	रूपये 10,25,195.00 + ब्याज व अन्य खर्चे। मांग नोटिस तिथिः 07.10.2026 एनपीए तिथिः 02.10.2026	मकान ग्राम देवरखेड़ा तहसील चंदौसी जिला संभल में गाटा संख्या 481/1 का जुज भाग, जिसका क्षेत्रफल 132.96 वर्ग मीटर जोकि प्रभा देवी पत्नी अखिलेश कुमार के नाम पर स्थित है, मौके के अनुसार चौहद्दीः उत्तर में: प्रदीप कुमार सैनी की संपत्ति, दक्षिण में: विमलेश शुक्ला का प्लॉट, पूर्व में: रास्ता 30 फीट चौड़ा, पश्चिम में: प्रदीप कुमार सैनी की संपत्ति। CERSAI ASSET ID - 200032102786

दिनांकः 10.10.2026 स्थानः संभल प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक।

ऊर्जा में सशक्त यूपी बनेगा आत्मनिर्भर भारत की मज़बूत नींव: ब्रजेश



ऊर्जा संगम-2026 में डिप्टी सीएम ने निवेश, आधुनिक तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा पर दिया जोर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश को आर्थिक और औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मजबूत ऊर्जा क्षेत्र की अहम भूमिका होगी। निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और किफायती बिजली से जहां उद्योगों और निवेश को बढ़ावा मिलेगा, वहीं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और आम लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। शुक्रवार को एसोचैम की ओर से आयोजित उप्र ऊर्जा संगम-2026 को संबोधित करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। इन्हें वास्तविक उपलब्धियों में बदलने के लिए सरकार, उद्योग, निवेशकों और तकनीकी विशेषज्ञों को साझा दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा।

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश को विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत आधारभूत ढांचा जरूरी है। उद्योगों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध करवाने के साथ आम उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ने से औद्योगिक क्षमता के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। डिप्टी सीएम ने पारंपरिक ऊर्जा के साथ सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर सतत विकास के लक्ष्यों को गति दी जा सकती है।

1.04 करोड़ रुपये के खाद्य पदार्थ ज़ब्त

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नवरात्र में शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री सुनिश्चित करने के लिए एफएसडीए ने प्रदेशभर में मिलावटखोरों पर अभियान तेज किया। दो दिनों में करीब 1.04 करोड़ रुपये के खाद्य पदार्थ जब्त किए गए और 1500 किलो पनीर नष्ट कराया गया।

हापुड़ के देव फ्रेश क्रीम प्रतिष्ठान में वनस्पति और रिफाइंड तेल मिलाकर क्रीम बनाने पर 8 कुंतल क्रीम, 20 कुंतल रिफाइंड तेल और 10 कुंतल वनस्पति सीज कर एफआईआर दर्ज हुई। एटा की सपना डेयरी से पाउडर, सोयाबीन दाल, तेल, घी व मशीन जब्त कर नमूने लिए गए। लखनऊ में दो कारोबारियों से 13.59 टन घी सीज हुआ। जौनपुर में 1185 किलो खाद्य तेल, कानपुर में वसा, वनस्पति, सोयाबीन तेल और ग्राउंडनट ऑयल की बोतलें जब्त की गईं। हाथरस, कासगंज और औरैया में भी कार्रवाई हुई।

कार्यालय ग्राम पंचायत- बहादुरपुर विकास खण्ड-बंकी, बाराबंकी।

पत्रांकः- 17 /निविदा/2026-27/वी0बी0-जी रामजी/कार्य0/ग्रा0पं0-बहादुरपुर दिनांकः-09.10.2026

-:अल्पकालीन निविदा सूचनाः-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बंकी, जनपद-बाराबंकी की ग्राम पंचायत- बहादुरपुर में वी0बी0-जी रामजी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्नवत् कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नांकित विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त करते हुए निर्धारित तिथि में टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय को उपलब्ध करायेगें।

-:टेण्डर सम्बन्धी विवरणः-

क्र0सं0	विवरण	दिनांक
1.	टेण्डर फार्म प्राप्त करने की तिथि	10.10.2026 से 16.10.2026 अपराह्न 05.00 बजे तक।
2.	टेण्डर फार्म जमा करने अन्तिम तिथि	17.10.2026 अपराह्न 12.00 बजे तक।
3.	टेण्डर खुलने की तिथि एवं स्थान	17.10.2026 को अपराह्न 03.00 बजे, ग्राम पंचायत कार्यालय।

-:कार्य एवं सामग्री सम्बन्धी विवरणः-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलन की धनराशि	सामग्री का नाम जो आपूर्ति की जानी है।	मात्रा
1	सब्बीर के घर से फरमान के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	696660.00	01. ईंट रोड़ी (ब्रिक बैलास्ट) 40 एम.एम.	45.22 घनमी.
			02. सीमेन्ट	7.9 टन
			03. बालू	22.8 घनमी.
			04. मौरंग	5.88 घनमी.
			05. प्रथम श्रेणी ईंट 150	7998.48 Nos.
			06. लोकल बालू	25.44 घनमी.
			07. पत्थर गिट्टी 20 एम.एम.	1.65 घनमी.
			08. पत्थर गिट्टी 10 एम.एम.	0.55 घनमी
			09. ईण्टरलाकिंग टाइल्स 80 एम.एम.	391.5 वर्ग मी0

नियम व शर्तेः-

01. निविदा स्वीकृति के पश्चात मांग के अनुरूप निर्धारित समयावधि में आपूर्तिकर्ता को सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध करानी होगी।
02. सामग्री की मात्रा/गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जायेगी।
03. जी0एस0टी0 का भुगतान जो दर में सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा।

मधुलिका वर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत-बहादुरपुर, विकास खण्ड- बंकी, बाराबंकी | वन्दना देवी, प्रशासक, ग्राम पंचायत-बहादुरपुर, विकास खण्ड-बंकी, बाराबंकी